आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 03.03.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से अविश्वसनीय जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता दोहराने का आग्रह किया।
- राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 17 प्रस्तावों को मंजूरी, कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के बच्चों को पढ़ाया जाएगा उत्तराखंड आंदोलन का इतिहास।
- राजभवन देहरादून में 07 से 09 मार्च तक वसंतोत्सव का आयोजन, कर्टेन रेजर में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने दी विस्तृत जानकारी।
- चमोली जिले में ग्रामोत्थान परियोजना, ग्रामीणों की आर्थिकी मजबूत कर रही है।

## प्रधानमंत्री आग्रह

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी लोगों से अविश्वसनीय जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता दोहराने का आग्रह किया है। विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि प्रत्येक प्रजाति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने वन्यजीवों के संरक्षक और संरक्षण में भारत के योगदान पर भी गर्व व्यक्त किया।

## राज्य मंत्रिमंडल

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज सचिवालय में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 17 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मंत्रिमंडल ने गन्ना समर्थन मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इसके अलावा नई आबकारी नीति को भी बैठक में मंजूरी दी गई। इसके तहत राज्य के धार्मिक क्षेत्रों के निकटवर्ती मदिरा अनुज्ञापनों को बंद करने का लिया निर्णय गया है। साथ ही ओवर रेटिंग की शिकायत सही पाए जाने पर दुकान का लाइसेंस रद्द किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए 5 हजार 60 करोड़ रुपये का राजस्व लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। गृह सचिव शैलेश बगोली ने पत्रकारों को कैबिनेट में लिए गए फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने कक्षा 6 से कक्षा 8 तक ''हमारी विरासत एवं विभूतियां'' पुस्तक को पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने की मंजूरी दी। इसके तहत बच्चों को उत्तराखंड के आंदोलन का इतिहास और लोक संस्कृति के विभिन्न आयामों के बारे में पढ़ाया जाएगा।

## साहित्य गौरव सम्मान

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने उत्तराखंड भाषा संस्थान की ओर से देहरादून में आयोजित उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान व पुस्तक मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने भाषा के उत्थान और संवर्धन के लिए किए कई काम किए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में हो रही है। वहीं, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि सरकार का कर्तव्य बनता है कि भाषा के संवर्द्धन के लिए कार्य कर रहे साहित्यकारों का सम्मान किया जाए। इस अवसर पर क्षेत्रीय भाषा और उत्तराखण्ड आंदोलन सहित देश को साहित्य के माध्यम से दिशा व दशा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले 18 साहित्यकारों को सम्मानित किया गया।

<u>वेव्स रील्स प्रतियोगिता</u>

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा वेव्स– 2025 रील मेकिंग चैलेंज प्रतियोगिता शुरू की गई है। इसमें रचनाकारों और उत्साही लोगों को 30 से 90 सेकेंड की रील बनाकर अपनी कहानी कहने का अवसर मिलता है। इस चैलेंज को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। यह डिजिटल रचनाकारों को प्रयोग करने, नवाचार करने और लघु प्रारूप सामग्री की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करता है। यह चुनौती क्रिएट इन इंडिया चैलेंजेज़ का हिस्सा है, जो वेव्स के तहत एक प्रमुख पहल है। रील मेकिंग चैलेंज के तहत प्रतिभागी 15 मार्च तक प्रविष्टि जमा कर सकते हैं।

<u>वसंतोत्सव कर्टेन रेजर</u>

राजभवन में आज वसंतोत्सव का 'कर्टेन रेजर' आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने अगाामी 07 मार्च से राजभवन में शुरू हो रहे तीन दिवसीय वसंतोत्सव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विशेष पोस्टल कवर के लिए ''जटामांसी'' का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि राजभवन देहरादून में आयोजित होने वाला वसंतोत्सव प्रदेश की सांस्कृतिक, आर्थिक और पर्यावरणीय पहचान का एक प्रमुख उत्सव बन चुका है, जिसका लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है। राज्यपाल ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से उत्तराखण्ड को एक 'पुष्प प्रदेश' के रूप में विकसित करने और पुष्प पर्यटन को बढ़ावा देने पर बल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से उत्तराखण्ड को एक प्रमुख 'ग्रीन टूरिज्म हब' के रूप में उभरने का अवसर मिलेगा। राज्यपाल ने कहा कि वसंतोत्सव उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प और कुटीर उद्योग को एक बड़ा मंच प्रदान करता है। इस आयोजन में स्थानीय कारीगरों, किसानों, महिला समूहों और युवा उद्यमियों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त किया जा सके।

जनसामान्य के लिए यह पुष्प प्रदर्शनी 07 मार्च को दोपहर एक बजे से शाम 6 बजे तक तथा 08 व 09 मार्च को प्रातः नौ बजे से शाम 6 बजे तक निःशुल्क खुली रहेगी।

## ग्रामोत्थान परियोजना

चमोली जिले में ग्रामोत्थान परियोजना, ग्रामीणों की आर्थिकी को मजबूत कर रही है। जिला परियोजना प्रबंधक ममराज सिंह चौहान ने बताया कि ग्रामोत्थान परियोजना के तहत जिले में 25 क्लस्टर लेवल फेडरेशन बनाई गई है। जिनके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बकरी, पालन, डेयरी यूनिट, मशरूम उत्पादन और मधुमक्खी पालन के साथ ही ब्यूटी पार्लर, सिलाई सेंटर, रिटेल शॉप, ढाबा, रेस्टोरेंट, फूड प्रोसेसिंग यूनिट जैसे उद्यमों का संचालन किया जा रहा है। इससे ग्रामीण अपनी आजीविका को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि परियोजना के तहत जिले में कृषि आधारित योजनाओं में 53, गैर कृषि आधारित उद्यम में 55 तथा एक्ट्रीम और अल्ट्रा पुअर योजना के तहत 300 ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया है। उन्होंने बताया कि कृषि आधारित और व्यक्तिगत उद्यम योजना में परियोजना की ओर से 30 प्रतिशत तथा लाभार्थी की ओर से 20 प्रतिशत का अंशदान किया जाता है। जबकि शेष धनराशि बैंक ऋण के माध्यम से प्रदान की जाती है, जिससे ग्रामीण उद्यम की स्थापना कर सकता है।

## आपदा प्रबंधन

उत्तराखंड में आपदा पूर्वानुमान प्रणाली को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य की दो टीमों को कर्नाटक और उड़ीसा भेजा गया है। यह जानकारी देते हुए आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि इन राज्यों में आपदा पूर्वानुमान तकनीक अत्यधिक उन्नत मानी जाती है। उन्होंने बताया कि अध्ययन के बाद ये टीमें उत्तराखंड लौटेंगी और विशेषज्ञ संस्थाओं के साथ मिलकर इस पर काम किया जाएगा।

## यूसीसी कार्यशाला

बागेश्वर में जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में यूसीसी को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि कार्यशाला में अधिकारियों को यूसीसी पोर्टल में पंजीकरण कराने की प्रक्रियाओं और योग्यता के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने विभागीय कर्मचारियों का यूसीसी पोर्टल पर पंजीकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।